विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2022 के प्रथम बुधवार के लिए निर्धारित डॉ0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-3 का उत्तर

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 3(क) क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बतायेंगे कि माह जनवरी, 2022 से जून, 2022 तक के बीच प्रदेश में श्रम एवं सेवायोजन कार्यालय के अन्तर्गत कितने रजिस्ट्रेशन हुए हैं ? | माह जनवरी, 2022 से जून, 2022 तक सेवायोजन पोर्टल(sewayojan.up.nic.in) पर पंजीकृत जॉब सीकर्स (रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थी) की संख्या 1,62,489 है। |
| (ख) उक्त रजिस्ट्रेशन के अन्तर्गत कितने बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है? | सेवायोजन विभाग के अधीन संचालित प्रदेश के सेवायोजन कार्यालयों द्वारा जॉब सीकर्स (रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थी) को निजी क्षेत्र में रोजगार मेलों के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का कार्य किया जाता है। दिनांक 01 जनवरी, 2022 से जून, 2022 तक 691 रोजगार मेले आयोजित किए गए तथा उक्त समयावधि में 80112 अभ्यर्थियों को रोजगार हेतु चयनित कराया गया। |
| (ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार। |

अनिल राजभर
मंत्री
श्रम एवं सेवायोजन